प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 07.02.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. महाकुंभ में पवित्र स्नान करने वालों का आंकड़ा पहुंचा 40 करोड़ के पार : केन्द्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने आज लगाई संगम में डुबकी।
2. बड़ी संख्या में महाकुंभ पहुंच रहे श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिये प्रयागराज जंक्शन पर अगले आदेश तक वन–वे मूवमेंट लागू : प्लेटफ़ॉर्म नं.–1 से होगा प्रवेश, सिविल लाइंस गेट से होगा निकास।
3. मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए कल होगी मतगणना : भाजपा के चंद्रभानु पासवान, सपा के अजीत प्रसाद समेत 10 उम्मीदवारों के भाग्य का होगा फैसला।

और

4. राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में 56वीं प्रादेशिक फल, शाकभाजी और पुष्प प्रदर्शनी का किया उद्घाटन : कहा– सशक्त और स्वस्थ भारत के लिए पौष्टिक आहार ज़रूरी।

——————

प्रयागराज में तीन अमृत स्नान सम्पन्न होने के बाद भी श्रद्धालुओं के जोश और उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही है। महाकुंभ में पावन स्नान के लिए देश विदेश से पहुंच रहे श्रद्धालुओं ने आज 40 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। आज शाम 6 बजे तक लगभग 70 लाख श्रद्धालुओं ने संगम में

डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा और सुगमता के लिए प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर अगले आदेश तक वन–वे मूवमेंट लागू कर दिया गया है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*देश और विदेश से पवित्र त्रिवेणी में श्रद्धा के साथ त्रिवेणी में स्नान करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज पहुंच रहे हैं। इसके मद्देनज़र प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर आज सुबह से अगले आदेश तक एकल दिशा मूवमेंट लागू रहेगा। इस दौरान प्रवेश केवल सिटी साइड प्लेटफ़ॉर्म नं.–1 की ओर से दिया जाएगा और निकास केवल सिविल लाइंस साइड की ओर से होगा। अनारक्षित यात्रियों को दिशावार यात्री आश्रय के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा। टिकट की व्यवस्था यात्री आश्रयों में अनारक्षित टिकट काउंटर, एटीवीएम और मोबाइल टिकटिंग के रूप में रहेगी। आरक्षित यात्रियों को गेट संख्या 5 से प्रवेश दिया जाएगा और उन्हें गाड़ी आने से आधे घंटे पहले ही प्लेटफॉर्म पर जाने की अनुमति होगी। इस दौरान स्टेशन के दोनों ओर आवागमन के लिए पर्याप्त साधनों की उपलब्धता बनीरहेगी। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।*

केन्द्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने आज महाकुंभ में पहुंचकर त्रिवेणी में स्नान किया। केन्द्रीय राज्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि तीर्थराज प्रयाग सभी के मनोरथ पूर्ण करें, हमारे चिंतन और चेतना को सशक्त करें, विश्व का कल्याण करें, यही कामना है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने संगम स्नान से पहले बड़े हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की और सेक्टर 7 स्थित गुजरात पवेलियन का अवलोकन किया। गुजरात से बड़ी संख्या में महाकुंभ पहुंच रहे श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उन्होंने 400 बेड की एक डॉरमेट्री का भी शुभारंभ किया। इस

मौके पर उन्होंने महाकुंभ में की गई व्यवस्था की सराहना की।

बाइट.....

*इतनी सुन्दर व्यवस्था मा0 प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में योगी जी सरकार ने बहुत ही सुन्दर व्यवस्था की। सफाई से लेकर सब कुछ बहुत ही अच्छा और हमको भी यह स्नान करने का मौका मिला। हम अपनी जाति को धन्य समझते है और सारे भारतवर्ष का आस्था का केन्द्र त्रिवेणी संगम में सब लोग स्नान करके अपनी जाति को धन्य का अनुभव करायें।*

बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने प्रयागराज दौरे के दूसरे दिन आज महाकुंभ क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ में सनातन संस्कृति की एकता स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है।

---

महाकुंभ मेला छावनी से अखाड़ों ने प्रस्थान शुरू कर दिया। जूना अखाड़े के अंतराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि ने बताया कि 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पर अखाड़े की ओर से वाराणसी शोभा यात्रा निकाली जाएगी और भगवान विश्वनाथ का दर्शन–पूजन किया जाएगा। होली पर्व पर मणिकर्णिका घाट पर होली खेलने के बाद ही सभी साधु–संत अपने मंदिर, मठ और आश्रम के लिए रवाना होंगे।

---

आकाशवाणी की महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने आज प्रयागराज में महाकुंभ नगर आकाशवाणी के कैंप कार्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने महाकुंभ के व्यापक कवरेज के लिए चलाए जा रहे आकाशवाणी के विशष एफएम रेडियो चनल की व्यवस्था की समीक्षा की।

—————————

अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव के लिए कल वोटों की गिनती होगी। मतगणना सुबह 8 बजे राजकीय इंटर कॉलेज में शुरू होगी। आज विकास भवन में मतगणना कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह.ने मतगणना को लेकर की गई तैयारियों के बारे जानकारी दी। बाइट.....

*14 टेबल लगायी जायेंगी, दो आर0ओ0, ए0आर0ओ0 टेबल होगी और तीन रिजर्व टेबल्स होंगे। इसके अन्दर प्रत्येक टेबल के ऊपर चार कार्मिक होंगे। एक काउंटिंग सुपरवायजर होगा एक काउंटिंग असिस्टेंट होगा एक माइक्रो आब्जर्वर होगा, एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी होगा। इनको मतदान प्रक्रिया का द्वितीय रैंक माइजेशन कम्पली है, तृतीय रैंक माइजेशन मतगणना की जस्त सुबह होता है 5 बजे तो कम्लीट किया जायेगा।*

मिल्कीपुर सीट से उपचुनाव में भाजपा के चंद्रभानु पासवान, सपा के अजीत प्रसाद और आजाद समाज पार्टी के संतोष कुमार समेत 10 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। दिल्ली विधानसभा के लिए हुए चुनाव के लिए भी कल मतगणना होगी।

—————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों

का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

अमेरिका में दिए गए एक विवादास्पद बयान मामले में रायबरेली सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ वाराणसी की जिला अदालत में दाखिल निगरानी याचिका स्वीकार कर ली गई है। जज संजीव पांडेय की अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई की तारीख 25 फरवरी तय की है। न्यायालय ने सांसद राहुल गांधी और प्रदेश सरकार को अदालत के समक्ष अपना–अपना पक्ष रखने के लिए नोटिस भी जारी किया है।

————————

केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा है कि पर्यटन के क्षेत्र में आज भारत अपार संभावनाओं के द्वार पर खड़ा है। उन्होंने कहा कि विश्व के लोग भारत को जानना, समझना, यहां से सीखना चाहते हैं। श्री शेखावत आज ग्रेटर नोएडा में आयोजित तीन दिवसीय अंतराष्ट्रीय सम्मेलन के शुभारंभ के अवसर पर लोगों को संबोधित कर रहे थे। श्री शेखावत ने कहा कि कृषि के बाद पर्यटन सबसे अधिक रोजगार प्रदान करने वाला क्षेत्र है।

————————

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की पहल पर दिव्यांगजनों की सुगम्यता के लिए आज लखनऊ,

वाराणसी, गोरखपुर और कानपुर में जन जागरूकता यात्रा निकाली गई। वाराणसी में इस यात्रा में विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों समेत बड़ी संख्या में दिव्यांगजन शामिल हुए। लखनऊ में इस यात्रा का नेतृत्व दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के प्रमुख सचिव, सुभाष चंद शर्मा ने किया।

————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन में आयोजित 56वीं प्रादेशिक फल, शाक–भाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी–2025 का उद्‌घाटन किया। उन्होंने उत्कृष्ट कार्यों के लिए 12 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया। इस मौके पर प्रदेश के उद्यान राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने सशक्त और स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए संतुलित और पौष्टिक आहार के प्रति जागरूकता बढ़ाये जाने पर बल दिया। इस प्रदर्शनी में लगभग 1700 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। प्रदर्शनी में फूलों से बनाई गई विशालकाय गणपति की प्रतिमा, ग्रह मण्डल, श्री राम जन्मभूमि मन्दिर, आदि आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। यह प्रदर्शनी 9 फरवरी तक चलेगी।

————————

राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र न्यास के सदस्य कामेश्वर चौपाल का 68 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह पिछले कुछ दिनों से वह बीमार थे और अस्पताल में भर्ती थे। श्री कामेश्वर चौपाल लम्बे समय से राम मंदिर आंदोलन से जुड़े हुए थे।

उनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक व्यक्त किया है।

——————

उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए आज तीरंदाज़ी में एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीत लिया है। वहीं ताइक्वांडो में क्योरगी की स्पर्धा में प्रदेश के विनीत कुमार को कांस्य पदक मिला है। इस जीत के साथ प्रदेश के खाते में 24 पदक आ गए हैं। अमरोहा की आर्यांशी ने योग कॉम्पिटिशन के 'आर्टिस्टिक पेअर' इवेंट में रजत पदक और ग्रुप इवेंट में कांस्य पदक जीता है। आर्यांशी ने अपनी उपलब्धि का श्रेय माता–पिता को दिया है। बाइट.....

*मुझे इस चीज की खुशी है कि मैने उत्तर प्रदेश को टॉप–5 रैकिंग लाने में अपना थोड़ा सा योगदान दिया और वह केवल मेरे आचार्य जी एवं मेरे माता पिता के आशीर्वाद से ही संभव हो पाया है। मेरा बचपन से ही शारीरिक खेलों में काफी रूचि रही। इसमें मैने योगासदन को खेल के रूप में चुना और मेरी यही इच्छा है कि मैं इसी तरह आगे बढ़ती रहूं एवं मेरे गुरूजनों का आशीर्वाद मुझ पर बना रहे।*

——————

पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश में मौसम शुष्क रहा। वाराणसी और अयोध्या के आसपास के ज़िलों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। वहीं आगरा और उससे आसपास के ज़िलों में तापमान सामान्य से अधिक रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि कल भी कई ज़िलों में तेज और सतही हवाएं

चलेंगी और अगले 48 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा।

(समाप्त)